# पिलखा भूमि

RNI.Reg.-CHHHIN/2023/88305
ईमेलः—manishvaidy538@gmail.com

वर्ष 01 अंक 06 संजयनगर (जिला सूरजपुर छ,ग ) से प्रकाशित हिंदी मासिक दिसम्बर 2024 पृष्ठ 4 मूल्य 5

## संक्षिप्त खबर

### जिला बलरामपुर रामानुजगंज अंतर्गत ''शराब सेवन कर वाहन चालाने वालों'' पर की जा रही कार्यवाही

पिलखा भूमि
संवाददाता—समृद्ध मंडल

पुलिस अधीक्षक बलरामपुर वैभव बैंकर के निर्देषन में एवं अति0 पुलिस अधीक्षक महोदय विष्व दीपक त्रिपाठी के मार्गदर्षन में जिला इकाई अंतर्गत जिले में ''मादक द्रव्य का सेवन कर वाहन चलाने वालों'' पर पुलिस विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। ताकि सड़क दुर्घटनाओं को कम किया जा सके। इसके लिए कुल 13 वाहन चालकों पर कार्यावाही करते हुये 07 प्रकरण माननीय न्यायालय को पेश किया गया जिसमें मान्नीय न्यायालय द्वारा कुल 10,5000 रू ( एक लाख पाँच हज़ार रुपये )अर्थदण्ड लगाया एवं 06 प्रकरण पेश करने हेतु शेष है। जिले में लगातार बढ़ती सड़क दुर्घटना को कम करने यातायात एवं पुलिस विभाग द्वारा लगातार चलानी कार्यावाही कि जा रही है। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा स्कूलध्कॉलेज के छात्र—छात्राओं सहित आम जन को यातायात नियमों एवं संकेतों संबंधित जानकारी दि गई। आम जनों को यातायात नियमों का पालन करने, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहने, चार पहिया वाहन चलाते समय सिट बेल्ट का प्रयोग करने, एवं वाहन संबंधी सभी प्रकार के दस्तावेजो को साथ रखने, तथा नबालिकों को वाहन न चलाने संबंधी जानकारी दिया गया। साथ ही साथ गुड सेमेरिटन को बढ़ावा देने सड़क दुर्घटना होने पर तुरंत पुलिस एवं अस्पताल को सूचना देने, घायलो को अस्पताल शीघ्र ईलाज हेतु अस्पताल पहुंचाने पहल किया गया।

### प्रोजेक्ट उन्नति से मनरेगा श्रमिक हो रहे विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षित

**अम्बिकापुर** 24 दिसंबर 2024 महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से एक ओर जहां ग्रामीण पंजीकृत परिवारों को 100 दिवस का रा.`जगार मिल रहा है, वहीं दूसरी ओर एक वित्तीय वर्ष में 100 दिवस का रोजगार पूरा करने वाले परिवार के एक व्यस्क सदस्य को प्रोजेक्ट उन्नति से विभिन्न क्षेत्रों में व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आरसेटी अंबिकापुर के माध्यम से मिलने वाले इस प्रशिक्षण में मुख्यतः कृषि उद्यमी, टेलरिंग, कॉस्टयूम ज्वेलरी, फास्ट फूड मेकिंग, गाय पालन, कुक्कुट पालन, बकरी पालन, मोबाईल रिपेयरिंग, ड्राईविंग, फेब्रिक.`शन, आदि का प्रशिक्षण निःशुल्क आवासीय दिया जा रहा है। प्रशिक्षण अवधि में उन्हें प्रतिदिन मनरेगा में प्रचलित मजदूरी दर के अनुसार भुगतान भी प्राप्त हो रहा है। प्रशिक्षण अवधि ट्रेड के अनुसार 10 से 45 दिवस निर्धारित है। वित्तीय वर्ष 2023—24 से अब तक कुल 230 लोगों को प्रा.`जेक्ट उन्नति के तहत जिले में प्रशिक्षण दिया जा चुका है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात कई हितग्राही फास्ट फूड, डेयरी एवं मशरूम उत्पादन का कार्य कुशलता पूर्वक कर लाभ अर्जित कर रहे हैं।

## मीडिया और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए पत्रकार बंधुओं के साथ आयोजित की गई प्रेस कांफ्रेंस



पिलखा भूमि
प्रधान संपादक मनीष वैद्य

**सूरजपुर** 27 नवंबर 2024 संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर एस. जयवर्धन व एसपी प्रशांत कुमार ठाकुर की उपस्थिति में जिले के पत्रकार बंधुओं के साथ प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया था। जिसमें पत्रकार बंधुओं से परिचय प्राप्त कर, जिले के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने बताया कि जिला प्रशासन एक टीम के रूप में संगठित होकर उत्कृष्टता व गुणवत्ता के साथ कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और शासन के मंशानुरूप राज्य व केंद्र शासन के योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रहा है। जिले के विकास के लिए क्या—क्या सकारात्मक कदम उठाये जा सकते हैं इस पर गहन चर्चा की गई व आपसी मीडिया और प्रशासन के बीच समन्वय स्थापित करने पर बल दिया गया।

इस अवसर पर पत्रकार बंधु व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## संयुक्त टीम द्वारा लगातार अवैध धान के परिवहन एवं भण्डारण पर की जा रही है कार्यवाही

### 17 प्रकरणों में संयुक्त टीम ने किया 1086 क्विंटल अवैध धान जब्त

पिलखा भूमि
संवाददाता—समृद्ध मंडल.

बलरामपुर, 26 नवम्बर 2024— जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2024—25 के अंतर्गत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की प्रक्रिया सुचारू रूप से चालू है। किसानों को समितियों में धान बेचने के लिए किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना ना करना पड़े इसके लिए प्रशासन के द्वारा जिले के सभी 49 धान खरीदी केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्था की गई है। अब किसान भी अपना धान बेचने के लिए मंडी में पहुंचने लगे हैं। खरीदी शुरू होने पर धान की बिचौलिए सक्रिय हो जाते है और अपना अवैध धान किसी भी तरह से खरीदी केन्द्रों में खपाने की कोशिश करते है। ऐसी स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन के द्वारा धान के अवैध परिवहन एवं भण्डारण रोकने के लिए



भी पूर्ण व्यवस्था की गई है। कलेक्टर के मार्गदर्शन में राजस्व एवं खाद्य व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा सतर्कता के साथ अवैध धान के भण्डारण एवं परिवहन पर पैनी नजर रखी जा रही है। साथ ही लगातार अवैध धान पकड़कर मंडी अधिनियम के तहत कार्यवाही भी की जा रही है।

संयुक्त टीम द्वारा विभिन्न तहस.`ीलों के अन्तर्गत नवम्बर माह मे अब तक 17 प्रकरणों में 2715 बोरी कुल 1086 क्विंटल अवैध धान वाहन सहित जब्त किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखण्ड वाड्रफनगर के ग्राम बलंगी में 03 पिकअप वाहनों में 174 बोरी धान जब्त किया गया। इसी प्रकार झापर पटेवा में पिकअप में 56 बोरी, बैकुण्ठपुर में पिकअप में 81 बोरी, धनवार बेरियर ट्रक में 730 बोरी, ग्राम रमेशपुर में 03 पिकअप में 168 बोरी तथा धनवार चेक पोस्ट में पिकअप में 20 बोरी वाहन सहित धान जब्त किया गया। इसी प्रकार विकासखण्ड बलरामपुर में ग्राम कपिलदेवपुर में पिकअप में 74 बोरी, ग्राम कपिलदेवपुर में ही ट्रक में 590 बोरी, विकासखण्ड रामचन्द्रपुर में कन्हर नदी बेरियर में ऑटो में 21 बोरी, अनिरूद्धपुर में पिकअप मे 60 बोरी तथा शिलाजु पचावल मोड में पिकअप वाहन में 60 बोरी अवैध धान वाहन सहित जब्त किया गया।

ज्ञातव्य है कि जिले में अवैध धान की आवक को रोकने के लिए टीम गठित कर कोचियों एवं बिचौलियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जा रही है। साथ ही नागरिकों से अपील की है कि धान खरीदी में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि तथा अनियमितता होने पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं, जिसमें शिकायतकर्ता की जानकारी पूर्ण रूप से गोपनीय रखी जाएगी।

## गुरु चंद मंडल की पत्नी की हत्या कांड में चार आरोपी को किया गया गिरफ्तार गढ़वा पुलिस की बड़ी कार्रवाई



ब

दिनांक— 30.09.2024 को दिन में सूचना प्राप्त हुई कि बेलयम्पा कोयल नदी पर बने पुल के पोल सं0—11 के पास एक अज्ञात महिला का शव पड़ा हुआ है। इस सम्बंध में स्थानीय चौ.कीदार व बयान के आधार पर गढ़वा थाना अपराध सं0—45ध2024 अपराध दर्ज किया गया। अपराध के जाँच के क्रम में स्थानीय लोगों से पुछ.ताछ तथा अत्यपरीक्षण रिपोर्ट की यह ज्ञात हुआ कि उस महिला को किसी अज्ञात अभियुकों के द्वारा हत्या कर साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से नदी में फेका गया है।

दिनांक 06.11.2024 को उक्त महिला का पहचान रीना गिरी, पति—गुरुचंद मंडल, ग्राम—संतोषीनगर, बलरामपुर के रूप में इनके भाई बदला गिरी, पे०— मनिका गिरी, ग्राम—झेराडीह, थाना लुङ्गा, जिला सरगुजा (छग) के द्वारा किया गया तथा इस सम्बंध में वे मृतिका के पति गुरुचंद मंडल, ससुर शांती मंडल, इसके रिशतेदार रमेश मंडल तथा रमेश मंडल की पानी लतिका मंडल के विरुद्ध प्राथमिकी गढ़वा थाना के अपराध सं0—506ध2024, थाना—103 (1ध236ध35) बी, एन, एस 2023 दर्ज कराये। जांच टीम गठित कर अनुसंधान को लेकर पुलिस अधीक्षक, मढ़या के द्वारा लगातार दिशा—निर्देश तथा इसकी मॉनिटरिंग किया जा रहा था। अनुसंधान के कम में बलरामपुर जवाहरनगर के रहने वाले रमेश मंडल को पकड़ कर शक्ति से पूछताछ किया गया तो इनके द्वारा बताया गया कि मृतिका का ससुर शांती मंडल मुझे रीना गिरी को मारने के लिए 30,000ध— रुपये देने की बात किये और वह दिनांक— 29.09.2024 को मुझे 18,000ध— रुपये लाकर दिये। दिये गये रुपये में से 9,500ध— रुपये में बीरा को दिया उसी दिन बीरा को अपने साथ अपने घर में दारु, मुर्गा का पार्टी किये और मेरी पत्नी हम दोनों को रोटी बनाकर दिया हम दोनों दारु पी रहे थे तभी मेरी पत्नी बोली की जल्दी कीजिए समय हो गया है। उसी दिन शाम करीब 06.30 बजे में तथा बीरा अपने कार से रीना गिरी के घर पर गया और उसे जबरदस्ती उठा कर अपने कार में बैठा लिया। कार में बै.ठाने के बाद हम कार लेकर वहाँ से निकल गये। कुछ दूर आने के बाद गाड़ी को रोक कर हम दोनों मिलकर उसका दोनों हाथ तथा मुँह बाँध दिया ताकि यह किसी को बुला ना सके। रीना गिरी को लेकर हम गढ़वा की ओर निकल गए।

रात करीब 09.30 बजे बेलयम्पा कोयल नदी पर बने पुल के

ऊपर पहुंच गए। इधर—उधर देख कर लोगों से नजर बचाते हुए हम दोनों ने उसे पुल के उपर से ही नदी में फेंक दिया और साथ में उसका मोबाईल भी नदी में फेक दिया और जल्दी अपने कार में बैठकर वापस बलरामपुर की ओर निकल गए। रात में घर पहुंचा और सुबह शांती मंडल से मिले तो उसने बताया कि मैं और मेरे बेटा गुरुचंद मंडल बलरामपुर थाने में जाकर गुम का शिकायत दर्ज कर दिया है। इसके बाद उनसे मैंने बचे हुए रुपये मांगे तो उसने मुझे 10,000ध— रुपये दिये। रीना को ले जाते समय हमलोग ने जबरदस्ती बुलवाया कि तेरा पति फोन करेगा तो तुम बोलना कि मैं तुमसे बहुत दूर जा रही हूँ जी, मेरा चिन्ता मत करनाष क्योकि हमलोग पहले ही ऐसा करने का प्लान किये थे ताकि ये बात गुरुचंद अपने फोन में रिकॉर्ड कर सके कि वह अपने मन से कहीं पर जा रही है और यह रिकॉर्डिंग हम हर किसी को सुना सके ताकि हमलोग पर कोई शक नहीं करें। मृतिका रीना गिरी के लापता के संबंध में बलरामपुर में सनहा दर्ज किया गया था जिसकी जांच हेतु मृतिका के पति गुरुचंद मंडल, ससुर शांती मंडल तथा रमेश मंडल को थाना लाया गया था। इसी क्रम में गुरुचंद मंडल ने थाना में ही फाँसी लगाकर आत्महत्या कर लिया।

**बरामद सामान**

(01) घटना में प्रयुक हा.`न्डा अमेज कार जिसका रजि०—**cg30f3479**
(02) 02 मोबाईल फोन।

**गिरफ्तार व्यक्ति का नामः**

01. रमेश मंडल, पिता स्वर्गीय जितेंन्द्रनाथ मंडल ग्रामजवाहरनगर थाना बलरामपुर जिला बलरामपुर (छत्तीसगढ़)
02. शांती मंडल, पिता स्वर्गीय सतीष मंडल ग्राम संतोषीनगर थाना बलरामपुर जिला— बलरामपुर छत्तीसगढ़
03. लतिका मंडल, पति रमेश मंडल, ग्राम जवाहरनगर थान बलरामपुर जिला बलरामपुर (छत्तीसगढ़)
04. बीरा लकड़ा, उम्र 55 वर्ष, पिता गुलामन लकड़ा तिरुडीह उरांव बस्ती थाना बलरामपुर (छत्तीसगढ़)।

**छापामारी बाल—**

01. पु०आ०नि० मुकेस यादव थाना गढ़वा
02. पु००नि० प्रदीप यायच, गढ़वा थाना।
03. आ०554 राहुल कुमार रिजर्व गार्ड थाना गढ़वा।
04. आ0251 धर्मेंद्र प्रसाद रिजा थाना।
05. म0स0पु0—66 प्रियंका मिंज, गढ़वा थाना में प्रतिनियुक्त।

## स्कूल में पढ़ने वाली छात्राओं के साथ छेड़छाड़ एवं अश्लील हरकत करने वाले आरोपी शिक्षक को थाना सनावल पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए किया गया गिरफ्तार

पिलखा भूमि संवाददाता—समृद्ध मंडल

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सनावल स्कूल में पदस्थ शिक्षक मोहम्मद शाहिद पिता अब्दुल कयूम के द्वारा स्कूल में अध्ययनरत छात्राओं के साथ छेड़छाड़ एवं अश्लील हरकत करने के संबंध में छात्राओं के परिजनों को जानकारी मिलने पर दिनांक 17.12.2024 को थाना सनावल में पीड़ति छात्राओं के परिजन द्वारा लिखित शिकायत आवेदन देने पर थाना सनावल पुलिस द्वारा आरा.`पी शिक्षक के विरुद्ध थाना सनावल में अपराध क्रमांक 60ध2024 धारा 74 ठछै, धारा 09,10 पॉक्सो एक्ट के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है , थाना सनावल पुलिस के द्वारा अपराध की गंभीरता को को देखते हुए त्वरित कार्यवाही कर प्रकरण के आरोपी शिक्षक मोहम्मद शाहिद पिता अब्दुल कयूम, उम्र 45 वर्ष, निवासी रामानुजगंज



को गिरफ्तार कर लिया गया है जिसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

## सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर छात्रावासों में किया गया विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन

पिलखा भूमि संवाददाता—समृद्ध मंडल

**बलरामपुर** 21 दिसम्बर 2024 जनादेश परब और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जिले में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कलेक्टर राजेंद्र कटारा के मार्गदर्शन में सरकार गठन के 1 वर्ष पूर्ण होने पर आदिवासी विकास विभाग द्वारा जिले के छात्रवास में खेलकूद, वाद विवाद अन्य प्रतियो.गिता आयोजित की गई। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य छात्रों में समर्पण, उत्साह को बढ़ावा देना है। ऐसे आयोजन छात्रों के मानसिक और शारी.रिक विकास के लिए भी महत्वपूर्ण है। वाद—विवाद प्रतियोगिता में छात्रों ने विभिन्न सामा.जिक और राजनीतिक विषयों पर अपने विचार भी साझा किए और खेलकूद के माध्यम से विभिन्न प्रतियोगिता में छात्रों ने विभिन्न खेलों में भाग लेकर अपने कौशल का प्रदर्शन किया।

### सुशासन दौड़ का किया गया आयोजन

शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर एवं शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बलरामपुर और जनपद पंचायत बलरामपुर के द्वारा संयुक्त रूप से छत्तीसगढ़ शासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर सुशासन दौड़ का आयोजन किया गया। सुशासन दौड़ कलेक्टर बंगला (पुराना बस स्टैंड) से प्रारंभ होकर शासकीय कन्या महाविद्यालय बलरामपुर में समाप्त हुआ। सुशासन दौड़ को मुख्य अतिथि जनपद पंचायत उपाध्यक्ष भानुप्रकाश दीक्षित ने हरी झंडी दिखा कर शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत श्री रणवीर साय व रक्षित निरीक्षक विमलेश देवांगन सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे। इस आयोजन में महाविद्यालय के छात्र—छात्राओं ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। दौड़ के पश्चात शासकीय कन्या महाविद्यालय प्रांगण में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद उपाध्यक्ष भानुप्रकाश दीक्षित ने सुशासन दिवस के ऐतिहा.सिक पृष्ठभूमि से अवगत कराते हुए शासन की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। दीक्षित ने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व को बताते हुए



युवाओं का सुशासन में योगदान देने प्रेरित किया। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के मौलिक सिद्धांतो की चर्चा करते हुए शिक्षा के माध्यम से सुशासन स्थापना की प्रेरणा दी। जनपद सीईओ रणवीर साय ने छत्तीसगढ़ शासन के एक वर्ष पूर्ण होने पर शासन द्वारा चलाई जा रही शिक्षा, चिकित्सा, कृषि, विज्ञान आदि क्षेत्र में संच.ालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर के प्राचार्य प्रो. एन.के. देवांगन ने विद्यार्थियों को अपने अधिकार का सदुपयोग एवं कर्तव्य पालन करके शासन—प्रशासन में भागीदार बनने की प्रेरणा देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के अंत विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। छात्र वर्ग में प्रथम स्थान अनीश सिंह, द्वितीय स्थान धीरज सिंह व तृतीय स्थान अंकित सिंह ने प्राप्त किया। छात्रा वर्ग में अनामिका प्रथम, ममता द्वितीय एवं कुंती ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में पुलिस—यातायात विभाग व स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर तथा शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बलरामपुर के समस्त अधिकारी—कर्मचारी एवं छात्र—छात्राएं उपस्थित रहे।

## जिले में अब तक 1178 किसानों से 58,559 क्विंटल धान की हुई खरीदी



पिलखा भूमि

प्रधान संपादक मनीष वैद्य

अम्बिकापुर 27 नवम्बर 2024 जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2024–25 के अंतर्गत धान खरीदी का कार्य निरंतर जारी है। जिला खाद्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार 26 नवम्बर की स्थिति में जिले में कुल 1178 किसानों से कुल 58,559 क्विंटल धान की खरीदी 46 समितियों के माध्यम से की गई है। उन्होंने बताया कि सरगुजा जिले में इस वर्ष धान खरीदी का अनुमानित लक्ष्य 351073 क्विंटल है। उन्होंने बताया कि किसानों द्वारा धान विक्रय के उपरांत 72 घंटों में किसान के बैंक खाते में भुगतान किया जा रहा है। पीएफएमएस के माध्यम से सीधे भुगतान किसान के खाते में होता है। समय सीमा के अनुसार किसानों को भुगतान जारी है। बता दें कि कलेक्टर विलास भोसकर के मार्गदर्शन में जिले के धान उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से किया जा रहा है। धान खरीदी के सुचारू संचालन और आवश्यक व्यवस्था को सुनिश्चित करने हेतु उपार्जन केंद्रों में नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं, जो धान उपार्जन केन्द्रों की व्यवस्था के साथ गुणवत्तापूर्ण धान की खरीदी, अवैध धान खरीदी एवं परिवहन पर भी निगरानी रख रहें हैं। वहीं जिला प्रशासन की टीम द्वारा लगातार धान खरीदी कार्य का निरीक्षण किया जा रहा है।

## पशु तस्करी के मामले में रामानुजगंज पुलिस की कार्यवाही 05 नग भैंस के साथ पिकअप वाहन जप्त

### पशु तस्करी में शामिल 03 आरोपी गिरफ्तार 01 लाख का मावेशी व 07 लाख का पिकप वाहन कुल मशरुका 08 लाख जप्त



पिलखा भूमि

संवाददाता–समृद्ध मंडल

पुलिस अधीक्षक बलरामपुर वैभव बैंकर (भापुसे) के मार्गदर्शन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विश्वदीपक त्रिपाठी व अनुविभागीय अधिकारी रामानुजगंज के निद. ेशन में लगातार अपराधों एवं अपराधियों पर कार्यवाही की जा रही है। दिनांक 28ध्11ध्2024 को जरिये मुखबिर से थाना प्रभारी रामानुजगंज को सुचना प्राप्त हुई की कुछ लोग पिकअप वाहन में अवैध रूप से पशूवो को भरकर तस्करी कर झारखंड लें जा रहे ! सुचना पर रामानुजगंज पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुवे चलित बेरीकेट के माध्यम से वाहनो की जांच की जा रही थी ! मुखबिर के बताये अनुसार वाहन मिलने पर उसमे बैठे व्यक्तियो से नाम पता पूछने पर अपना अपना नाम क्रमशः 1) शमशेर अंसारी पिता सरफुधिन अंसारी निवासी थाना रंका जिला गढ़वा 2) मुस्तफा अंसारी पिता सरफुधीन अंसारी निवासी रंका अंसारी थाना रंका जिला गढ़वा 3) हजरत अंसारी पिता जबरूधीन अंसारी बताये जिन्हे हिरासत में लेकर विधिनुसार वैधानिक नियमों का पालन करते वाहन की तलाशी लेने पर वाहन में निर्दयता पुर्वक 04 नग भैंसा व एक नग भैस भरी हुई थी जिसे जप्त कर वैधानिक कार्यवाही की गई. उक्त पशुओ का कुल कीमत करीब 1 लाख रुपये व पिकअप वाहन का कीमत 7 लाख कुल जुमला 07 लाख रुपये का मशरूका जप्त कर थाना रामानुजगंज के द्वारा धारा 4,6,10 क्ष0ग0 कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम एवं पशु कुरता निवारण अधिनियम की धारा 11 के तहत आरोपियों का धारा सदर का अपराध पाए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना रामानुजगंज के समस्त स्टाप का महत्वपूर्ण योगदान रहा

## मुख्यमंत्री के मंशानुरूप गरीबों के पक्का मकान का सपना साकार करने में प्रशासन का महत्वपूर्ण कदम





पिलखा भूमि

संवाददाता–समृद्ध मंडल

बलरामपुर 22 नवम्बर 2024 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंशानुरूप हर गरीब परिवार का अपना खुद का पक्का मकान हो तथा वह अपने परिवार के साथ खुशी से निवास कर सके। इस लिए प्रधानमंत्री के द्वारा गरीब परिवारों के लिए आवास स्वीकृ त किया गया है। जिसके तहत जिला बलरामपुर–रामानुजगंज में कुल 45572 आवास स्वीकृत किया गया है। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार जिले में आवास निर्माण का कार्य प्रगतिरत है। हितग्राहियों को भी आवास निर्माण करने प्रोत्साहित किया जा रहा है। हितग्राही भी उत्सा. हित होकर अपने आवास को पूर्ण करने में जुट गये है। इसी कड़ी जिला पंचायत सीईओ रेना जमील के मार्गदर्शन में जिले के बलरामपुर विकासखण्ड में शुरू करते हुए आज 2000 आवासों को एक दिन में ही हितग्राहियों से नींव खुदाई कराकर प्रारंभ कराया गया। सी. ईओ रेना जमील व जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष भानुप्रकाश दीक्षित ग्राम पंचायत जाबर में आवास शुभारंभ कार्यक्रम में पहुंची। इस दौरान उन्होंने हितग्राहियों से चर्चा कर आवास जल्द पूर्ण कराने की बात कही। साथ ही मुख्यमंत्री की ओर से प्रेषित अभिनन्दन पत्र, हितग्राहियों को प्रदान भी किया गया। इस भूमिपूजन शुभारंभ अवसर पर प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने आवास हितग्राही अर्जुन पाल के घर पर पहुंच भूमि पूजन में शामिल हुए और उन्हें शुभक. ामनाएं दी।

जिला पंचायत सी. ईओ रेना जमील ने कार्यक्रम में उपस्थित प्रधानमंत्री आवास हितग्राहियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज आप लोगों के स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास का भूमिपूजन किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने हितग्राहियों से जारी हुए पहली किस्त की जानकारी भी ली। जमील ने कहा कि आप सभी अपने प्रधानमंत्री आवास को शीघ्र पूर्ण कराएं। आप लोगों को तीन किस्त में राशि जारी की जाएगी। हर चरण में पहुंचते ही जीओ टैगिंग के माध्यम से मॉनिटरिंग कर सीधे आपके खाते में राशि हस्तांतरित कर दी जाएगी। आप लोग के सहयोग से ही आपका आवास पूर्ण होगा।

जनपद उपाध्यक्ष भानु प्रकाश दीक्षित ने आम जनता को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के शासन काल में आवास कार्य में तेजी आई है। सरकार प्रत्येक पात्र हितग्राही को 01 लाख 20 हजार रुपये दे रही है। इस राशि के उपयोग से बढ़िया आवास का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के मंशानुरूप सभी का पक्का आवास होगा। पक्का आवास बनने से बारिश जैसे असामयिक परिस्थितियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। सरकार आपका सहयोग कर रही है, इसलिए सभी समय से अपने घरों को पूर्ण करें। इससे आपकी आने वाले पीढ़ी भी पक्के आवास का लाभ ले पाएंगे। उन्होंने भूमिपूजन कार्य के लिए सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। इस दौरान जनपद पंचायत बलरामपुर के सीईओ– रणवीर साय ने स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत, व्यक्तिगत शौचालय, सोखता गड्ढा, घर–घर कचरा कलेक्शन के बारे में भी जोर दिया गया। बलरामपुर ब्लाक के विभिन्न ग्राम पंचायतों में जनप्रतिनिधियों ने नींव खुदाई कर आवास निर्माण प्रारंभ कराया और पक्का आवास निर्माण की शुभकामनाएं दी और निर्धारित समय सीमा में आवास निर्माण पूर्ण कराने हेतु प्रेरित किया गया। प्रधानमंत्री आवास हितग्राही ग्राम मंगरहारा के रामाशंकर एवं रामदेव ने कहा कि आज मेरा आवास का उपस्थित अतिथियों द्वारा भूमिपूजन किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री ने गरीबों का ख्याल रखते हुए हमें प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किया है। हम अपने परिवार के साथ कच्चे मकान में रहते हैं। हमें कच्चे मकान में हर मौसम में परेशानियों का सामना करना पड़ता था। चाहे वह बरसात के दिनों में छप्पर से पानी टपकने एवं ठण्ड के दिनों में शीतलहर से हमें काफी परेशानी होती थी। हमारी आय भी उतनी नहीं है कि मैं अपने परिवार के लिए पक्का मकान बना सकें। परन्तु प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की गरीबों के प्रति सोंच की हर परिवार का अपना स्वयं का पक्का मकान हो और वे अपने परिवार के साथ खुशी से रह सकें। इसके लिए हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को हृदय से धन्यवाद देते हैं। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु कुल 45572 आवासों का लक्ष्य प्रदाय किया गया है। जिसमें से स्थायी प्रतीक्षा सूची में शामिल 41019 आवासों में से 35041 आवासों को स्वीकृति प्रदान की गई है। साथ ही 30583 हितग्राहियों को प्रथम किश्त की राशि जारी की जा चुकी है। स्थायी प्रतीक्षा सूची के शेष एवं आवास प्लस के कुल 4553 आवासों की स्वीकृति का कार्य प्रगतिरत है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के कार्य में प्रगति लाने एवं योजना को विस्तारित करने हेतु "आवास दिवस" तथा "आवास सप्ताह" के अवसर पर 2000 से अधिक आवासों का भ. ूमिपूजन एवं नींव खुदाई कार्य प्रारंभ कराया गया है।

## फ्लोरोसिस बीमारी से बचाव के लिए किया जा रहा है जागरूक

### प्रभावित बसोहटों में किया गया स्वास्थ्य कैंप का आयोजन




पिलखा भूमि

संवाददाता–समृद्ध मंडल.

बलरामपुर 22 नवम्बर 2024 जिले में फ्लोरोसिस बीमारी से बचाव के लिए जिला प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग द्वारा 64 फ्लोरोसिस प्रभावित बसाहटों में कार्ययोजना बनाकर शिविर व स्कूलों में व्यापक प्रचार–प्रसार व उपचार किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बसंत कुमार सिंह ने बताया की साफ पानी और पौष्टिक भोजन अच्छी सेहत के लिए सबसे जरुरी चीजों में से एक है। शुद्ध पेयजल का सेवन नहीं करने से कई तरह की स्वास्थ्य संबंधी समस्यायों का सामना करना पड़ता है। फ्लूरोसिस भी असुरक्षित पेयजल से होने वाली एक गंभीर बीमारी है, जो शरीर में अत्यधिक फ्लोराइड की मौज. दगी के कारण होता है। यह बीमारी अधिक फ्लोराइड वाला पानी पिने से या ज्यादा फ्ला. ेराइड युक्त जल से सिंचित भोजन के सेवन से होता है। फ्लोरोसिस के कारण शरीर की हड्डियां विकृत हो जाती है। फ्लोरोसिस बीमारी से लोग सचेत व जागरूक हो इसलिए सवास्थ्य विभाग द्वारा शिविर व स्कूलों में बच्चो को जानकारी एवं दन्त चिकित्सक द्वारा दन्त परीक्षण कराया जा रहा है। सभी ग्राम जो फ्लोरोसिस प्रभावित है वहां के पानी की सैंपल भी पीएचई विभाग को फ्लोराइड की मात्रा के जांच हेतु भेजी जा रही है। पीएचई विभाग से रिपोर्ट मिलने पर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

डॉ. बसंत कुमार सिंह ने बताया की स्वास्थ्य विभाग की टीम नियमित रूप से फ्लोरोसिस से प्रभावित गांव में जाकर इससे पीड़ित लोगों का उपचार कर रही है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के माध्यम से भी स्क. ूलों में फ्लोरोसिस की जांच की जाती है। जिला फ्लोरोसिस नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. खुशबू सिंह ने बताया कि फ्लोराइड की मात्रा अधिक होने से दांतों में पीलापन, समय से पहले दांतों का खराब होना, शरीर की हड्डियों में विकृति और टेड़ापन सामान्य रूप से देखे जाते है। दांतों का रंग बिगड़ना, मांसपे. शियों और जोड़ो में दर्द होना, हाथों और पैरों का आगे की तरफ या पीछे की तरफ मुड जाना, लम्बी दुरी तक चलने में असमर्थ होना, पेट में दर्द होना और पेट फूलना भी इस बीमारी के लक्षणों में शामिल है।

डॉ. खुशबू सिंह ने बताया कि जिले के 64 बसाहट फ्लोरोसिस से प्रभावित है जिसमे अभी तक विकासखण्ड रामचन्द्रपुर के लगभग 12 ग्रामों में दंत चिकित्सकों के साथ स्वास्थ्य कर्मच. ारियों की ड्यूटी लगाकर कैंप आयोजित की गई है। जिसमें कुल 55 फ्लोरोसिस के मरीज मिले है जिनका उपचार किया गया है। डॉ. खुशबू सिंह ने बताया की पीने के पानी में फ्ला. ेराइड की मात्रा एक पीपीएम होना चाहिए। इससे अधिक मात्रा में फ्लोराइड का सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है।

## पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्मदिवस के अवसर पर केबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के द्वारा ग्राम पंचायत वीरपुर में अटल आवास भवन का किया गया भूमि पूजन



पिलखाभूमि / प्रधान संपादक मनीष वैध

सूरजपुर 25 दिसम्बर को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की 100 वीं जन्मदिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत वीरपुर में पात्र हितग्राहियों के स्वीकृत 55 अटल आवास भवन का विधिवत पूजा अर्चना के साथ भूमि पूजन केबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के कर कमलों से किया गया उपस्थित सभी जनों को मंत्री जी बधाई व शुभकामनाएं दिए

इस अवसर पर मुख्य रूप मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर राजवाड़े सरपंच चंद्रभान सिंह संजू सेठ राम भरोस कलावती चन्द्र मनिया सहित सभी हितग्राही उपस्थित रहे

## राम नगर में अटल आवास का सामुहिक भूमि पूजन सम्पन्न

पिलखाभूमि / प्रधान संपादक मनीष वैध

25 दिसम्बर ग्राम पंचायत रामनगर में जिला स्तरीय अटल बिहारी भाजपाई जी की जयंती सुशासन दिवस के शुभ अवसर पर 4301 हितग्राहियों के प्रधानमंत्री आवास का सामूहिक भूमि पूजन केबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े व प्रेम नगर विधायक भूलन सिंह मरावी जी के कर कमलों से किया गया

इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए भारत रत्न पूर्व प्रधान मंत्री जी तथा छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता अटल बिहारी वाजपेयी जी के कार्यो को याद किये तथा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के सुशासन तथा किये गए कार्यों को गिनाया , इस अवसर पर पात्र हितग्राहियों को चेक वितरण किया गया

इस अवसर पर मुख्य रूप पूर्व गृह मंत्री रामसेवक पैकरा जी, भाजपा जिला अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल



जी, सूरजपुर जिले के कलेक्टर" जयवर्धन जी, समेत जिले के सभी पदाधिकारिगण तथा आस पास गावों के अपार जनसमुदाय उपस्थित रहें

## एमसीबी, कोरिया, अंबिकापुर, जीपीएम में योग्य उम्मीदवारों की तलाश

### स्टेप अप फॉर इंडिया एनजीओ में क्षेत्रीय प्रबंधक की आवश्यकता




ब्लॉक संवाददाता –मो, शाजिद अली

पिलखा भूमि/एमसीबी 14 नवम्बर 2024–स्टेप अप फॉर इंडिया एनजीओ में क्षेत्रीय प्रबंधक की आवश्यकता है जिसके लिए रिक्तियां निकाली गयी है। इसके लिए शिक्षा और अनुभव इस प्रकार है। यह संस्था ऐसे उम्मीदवारों को प्रा. थमिकता देती हैं जिनके पास निम्नलिखित योग्यताएं हो। व्यवसाय, सामाजिक विज्ञान, शिक्षा या किसी संबंधित क्षेत्र में मास्टर डिग्री के साथ–साथ अंग्रेजी व हिंदी भाषा में अच्छी पकड़ हो। विविध दर्शकों के सामने प्रस्तुति देने का अनुभव हो। निजी क्षेत्र की फर्मों, गैर सरकारी संगठनों, ट्रस्टों या फा. उंडेशनों में समान भूमिका में 7–10 साल का कार्य करने का अनुभव हो। शिक्षा क्षेत्र का अनुभव (सरकारी शिक्षा क्षेत्र की समझ एक लाभ है)। अच्छे शोध कौशल के साथ डेटा विश्लेषण और रिपोर्टिंग करना आता हो। एमएस ऑफिस ऐप्स और फाइल रिपोजिटरी प्रबंधन की अच्छी कमांड हो। वेतन 50 हजार (अनुभव के साथ बातचीत योग्य) संपर्क नम्बर उमेश 91–6361206424।

## बिहान योजना से निर्मला मौर्य बनी आत्मनिर्भर

### लखपति दीदी बनने संघर्ष की कहानी, निर्मला मौर्य की जुबानी



ब्लॉक संवाददाता –मो, शाजिद अली

पिलखा भूमि/एमसीबी बिहान योजना ने छत्तीसगढ़ में म. हलाओं को आर्थिक और सामा. जिक रूप से सशक्त बनाने में एक अहम भूमिका निभाई है। इस योजना ने न केवल म. हलाओं को आत्मनिर्भर बनाया है, बल्कि उनके जीवन में सक. ारात्मक बदलाव लाने का मार्ग भी प्रशस्त किया है। इसी क्रम में जिले के मनेन्द्रगढ़ विकासखंड के चनवारीडांड निवासी निर्मला मौर्य की प्रेरणादायक कहानी एक मिसाल बनकर उभरी है। उनकी दृढ़ता और मेहनत ने उन्हें एक सफल उद्यमी के रूप में स्थापित किया है, और आज निर्मला मौर्य "लखपति दीदी" के नाम से जानी जाती हैं।

**निर्मला मौर्य का प्रेरणादायक संघर्ष–** निर्मला मौर्य का जीवन पहले आर्थिक तंगी और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच संघर्ष में बीत रहा था। उनके परिवार की आय का कोई स्थायी स्रोत नहीं था, और परिस्थितियां बेहद कठिन था। इसी बीच उन्हें छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजी. विका मिशन बिहान योजना के बारे में जानकारी मिली। उन्होंने इस योजना से जुड़ने का निर्णय लिया, जो उनके जीवन में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ।

**बिहान योजना से मिली नई दिशा–** बिहान योजना के अंतर्गत निर्मला मौर्य ने अपने कच्चे मकान में एक छोटी सी किराने की दुकान शुरू की। कठिन परिश्रम और अदम्य इच्छाशक्ति के कारण उनकी दुकान चल निकला और उनका आत्मविश्वास बढ़ा। लगातार बैंक से लेन–देन के कारण उनका क्रेडिट स्कोर भी बेहतर हुआ। इससे उन्होंने बैंक से लोन लेकर अपने व्यवसाय को और अधिक विस्तार किया। निर्मला मौर्य के प्रयास और बिहान योजना की सहायता से उनकी आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ। आज निर्मला मौर्य की सालाना बचत एक लाख रुपए तक पहुंच गई है। उनका जीवन न केवल आ. र्थक रूप से सशक्त हुआ है, बल्कि उनके आत्मविश्वास और सामाजिक प्रतिष्ठा में भी वृद्धि हुई है। उनकी इस सफलता ने क्षेत्र की अन्य महिलाओं को प्रेरणा दी है।

**प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का किया आभार व्यक्त**

निर्मला मौर्य ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने बताया कि सरकारी योजनाएं केवल योजनाएं नहीं होती, बल्कि वे समाज में बदलाव लाने और म. हलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्रदान करती हैं। हम सब को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं लाभ अधिक–अधिक उठाना चाहिए। जिससे हम अपने जीवन स्तर को बेहतर बना सकें।

**अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा स्रोत** निर्मला मौर्य की सफलता की कहानी अन्य म. हलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन चुकी है। बिहान योजना से जुड़कर वे न केवल अपनी आ. र्थक स्थिति में सुधार कर सकती हैं, बल्कि अपने बच्चों का भविष्य भी उज्ज्वल बना सकती हैं। इस योजना से महिलाओं को वित्तीय स्वतंत्रता प्रदान करती है और उनके आत्म. विश्वास को बढ़ाती है, जिससे वे समाज में अपनी एक नई पहचान बना सकें। बिहान योजना वास्तव में महिलाओं के जीवन को संवारने और उनके सपनों को साकार करने का एक सशक्त माध्यम है। निर्मला मौर्य की सफलता इस बात का प्रमाण है कि इच्छाशक्ति और सही मार्गदर्शन के बल पर किसी भी चुनौती को पार किया जा सकता है। उनकी यह यात्रा उन सभी महिलाओं के लिए प्रेरणादायक साबित हो सकती है जो महिलाएं बेहतर भविष्य का सपना देखती है।

## राज्यपाल डेका से केश शिल्पी कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष सुश्री सेन ने सौजन्य भेंट की



पिलखा भूमि/रायपुर, 29 नवंबर 2024–राज्यपाल रमेन डेका से आज यहां राजभवन में छत्तीसगढ़ राज्य केश शिल्पी कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष एवं लोक कलाकार सुश्री मोना सेन ने सौजन्य भेंट की।

## जिले में अब तक 11976 क्विंटल धान की खरीदी

पिलखा भूमि/ बलरामपुर, 28 नवम्बर 2024–राज्य शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य 14 नवम्बर से प्रारंभ हो गया है, खरीफ विपणन वर्ष 2024–25मेंबलरामपुर–रामानुजगंज जिले में कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा के मार्गदर्शन में किसानों से धान की खरीदी की जा रही है। किसानों से धान की खरीदी करने के लिए 49 सहक. ारी समितियों के अंतर्गत 49 धान उर्पाजन बनाये गये हैं। चालू सीजन में धान बेचने के लिए 50660 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। जिले में 28 नवम्बर तक 13 समितियों में कुल 11976.0 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। सहकारी समिति जमड़ी में 2470.80 क्विंटल, त्रिकुण्डा में 1263.60 क्विंटल, बगरा में 516 क्विंटल, तातापानी में 331.20, बरदर में 921.20, बरियों में 124.40 क्विंटल, बलंगी में 527.60 क्विंटल, महावीरगंज में 1368.40 क्विंटल, विजयनगर में 1078 क्विंटल, रामनगर में 1070.40 क्विंटल, स्याही में 585.20 क्विंटल, विरेन्द्रनगर में 100 क्विंटल एवं सरना में 1619.20 क्विंटल धान किसानों से खरीदी की गयी है। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया है कि किसानों से धान की खरीदी अवकाश के दिनों को छोड़कर सोमवार से शुक्रवार तक खरीदी की जा रही, सुचारू रूप से धान खरीदी करने हेतु धान उर्पाजन केन्द्रों में साफ–सफाई, फेसिंग की व्यवस्था, विद्युत, जनरेटर, कम्प्यूटर सेट, बारदाने, आर्दता मापी यंत्र, तौल बाट की व्यवस्था की गई है।

## गांव कठिया की नागेश्वरी जो कभी थी हाउस वाईफ, अब है लखपति दीदी भी

### 500 मुर्गियों से कमा रही सालाना लाख रूपये से अधिक कमाई से खरीदी गाड़ी, बच्चों को पढ़ा रहीं, अब हजार मुर्गियों की फार्म बनाने की कर रहीं तैयारी



पिलखा भूमि/रायपुर

29 नवंबर 2024–कभी आम गृहिणी थी नागेश्वरी, लेकिन आज है लखपति दीदी। ग्राम कठिया की रहने वाली नागेश्वरी वर्मा आज से 5 साल पहले सामान्य गृहिणी थी। जो घर के चूल्हा–चौके तक ही सीमित थी, लेकिन आज वह अपने पैरों पर खड़ी और घर गृहस्थी संभालने के साथ ही सालाना डेढ़ से दो लाख रूपये कमा रही है वह भी मुर्गीपालन जैसे व्यवसाय से। नागेश्वरी के बच्चे अच्छी शिक्षा प्राप्त कर रहें है और वह अपने दम पर एक हजार मुर्गियों को पालने की तैयारी भी कर रही है। आज नागेश्वरी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का बार बार धन्यवाद देते हुए कह रही है कि आज जो भी कुछ हूं उन्ही के बदौलत हूं। मुझ जैसी अन्य महिलाएं भी इस योजना से आत्मनिर्भर हुई हैं।

नागेश्वरी वर्मा बताती हैं कि कुछ वर्ष पहले बिहान के सहयोग से करीब डेढ़ लाख रूपए लोन प्राप्त की। इसके बाद मुर्गीपालन का व्यवसाय शुरू की। मनरेगा से उन्हें मुर्गी शेड की सहायता मिली। शुरूआत में कम संख्या में मुग. ीपालन किया फिर धीरे–धीरे मुनाफा देखते हुए आज 500 मुर्गियों तक पहुंच गई। इन मुर्गियों को आस–पास के बड़े पोल्ट्री फार्म वालों को बेंचना शुरू किया था, अब वो खुद आकर ले कर जाते है।

नागेश्वरी वर्मा बताती है कि मुर्गीपालन व्यवसाय में अच्छी सफलता मिलने की विगत पांच वर्षों में अच्छी आय होने पर नया घर बनाया, दुपहिया वाहन खरीदी अब अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दे रही हूं, बेटा बीबीए कर रहा है और बेटी की अच्छी करियर का भी प्लान कर रही हूं। इस प्रकार उनके घर में मां लक्ष्मी के साथ–साथ मां सरस्वती की कृपा भी बनी हुई है।

## श्री रामलला दर्शन योजना से अयोध्या–काशी यात्रा का मिला सा. ैभाग्य, दर्शनार्थी सरिता ने सफर का अनुभव किया साझा वहीं महतारी वंदन योजना से मिली आर्थिक आत्मनिर्भरता



अम्बिकापुर 25 दिसम्बर 2024 मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में श्री रामलला दर्शन योजना के तहत प्रदेशवासियों को अयोध्या–काशी की निःशुल्क यात्रा कराई जा रही है जिससे दर्शनाि. र्थयों की आस्था और धार्मिकता को नए आयाम मिले हैं। सुशासन की सरकार में हर वर्ष लगभग 20 हजार श्रद्धालुओं को अयोध्या–काशी की यात्रा कराई जानी है। अम्बिकापुर विकासखंड के ग्राम पंचायत चठिरमा की रहने वाली सरिता कश्यप उनमें से एक है जिन्हें अयोध्या काशी यात्रा का सा. ैभाग्य मिला है। वे बताती हैं कि हमारे विष्णु देव साय की सरकार को एक साल हो गया है। उनके माध्यम से हमको अयोध्या का दर्शन का सौभाग्य मिला है। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि रामलला दर्शन योजना के तहत हमें अयोध्या धाम के दर्शन कराए गए, इसके साथ ही हमें बेहद खुशी हुई जब हमें काशी विश्वनाथ मंदिर के भी दर्शन का लाभ मिला। हम कभी सोचे नहीं थे कि अयोध्या धाम दर्शन कर पाएंगे। लेकिन मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार में हमें यह सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि सरकार ने बहुत अच्छी व्यवस्था की आने–जाने के दौरान किसी प्रकार की परेशानी नहीं हुई। खाने–पीने और एमरजेंसी में स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था की गई थी। उनका बताया कि ट्रेन से ले जाने से लेकर दर्शन कराने तक की पूरी सुविधा मिली। वे कहती हैं कि पहले जहां घर से बाहर जाने में खर्च के बारे में सोचना पड़ता था, पर अब अयोध्या धाम की निःशुल्क यात्रा का लाभ मिल रहा है और पूरी सुरक्षा के साथ अयोध्या–काशी की यात्रा कर पाएं हैं। वहीं उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय हम महिलाओं को आर्थिक सहायता दे रहे हैं। महतारी वंदन योजना के तहत एक हजार रुपए हर महीने हमारे खाते में आ जाता है। जिसे हम अपनी आवश्यकता के हिसाब से छोटी–बड़ी सभी जरूरतों को हम पूरा कर पा रहे हैं, उन्होंने मुख्यमंत्री साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शासन की इस योजना से महिलाएं आज आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बन रही हैं।

## कलेक्टर ने धान खरीदी, उठाव और बारदाने की अद्यतन स्थिति की ली जानकारी

### –विभागवार समय सीमा की लंबित प्रकरणों पर दिये गए आवश्यक दिशा निर्देश



सूरजपुर 24 दिसंबर 2024 कलेक्टर एस.जयवर्धन ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने विभागवार समय सीमा की लंबित प्रकरणों, जनदर्शन, जन चौपाल आदि में प्राप्त शिकायतों का विस्तार से समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ समय सीमा में नि. राकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रकरणों का समय सीमा पर निराकृत करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसी तरह कलेक्टर ने हाईकोर्ट में लंबित प्रकरणों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। जिसमें लंबित प्रकरण, जवाबदावा प्रस्तुत होने वाले प्रकरण और कंटेप्ट लगने वाले प्रकरणों की सिलसिलेवार गहन समीक्षा क ी ।

बैठक में कलेक्टर ने धान खरीदी, उठाव और बारदाने की अद्यतन स्तिथि पर भी संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली। सभी धान खरीदी केंद्र में धान उठाव हेतु गाड़ी नियमित रूप से लगे, इसके लिए कलेक्टर ने संबंधितों को निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने सभी एसडीएम, उपसंचालक कृषि व खाद्य विभाग व उनसे संबंध विभाग को औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिये ताकि धान खरीदी व उठाव की व्यवस्था सुचारु रूप से संपन्न हो। सभी विभाग प्रमुखों को जिले के विकास कार्यों में तेजी लाने और योजनाओं को धरातल पर सशक्त रूप से लागू करने के लिए कहा गया। कलेक्टर ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुँचाना हम सभी की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि कोई भी लाभार्थी योजनाओं से वंचित न रहे। बैठक में उपस्थित संबंधित अधिकारियों ने अपने–अपने विभागों की प्रगति की रिपोर्ट प्रस्तुत की। कलेक्टर ने विभागवार समीक्षा करते हुए सभी लंबित कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने पर जोर दिया। इसके साथ ही कार्यस्थलों पर महिला कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए विशाखा कमेटी के गठन के सुप्रीम कोर्ट व केंद्र सरकार के निर्देश के परिपालन में उपस्थित सर्व विभाग अध्यक्ष को शीघ्र विशाखा कमेटी गठित करने के निर्देश दिये।

बैठक में डीएफओ पंकज कमल, अपर कलेक्टर नयनतारा सिंह तोमर, सर्व एसडीएम व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर जिले में मनाया गया सुशासन दिवस,अटल चौकों में हुए विविध कार्यक्रम

### देश के विकास में वाजपेयी के योगदान का किया गया स्मरण, सुशासन स्थापित करने लिया गया संकल्प

अम्बिकापुर 25 दिसम्बर 2024 पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसम्बर सुशासन दिवस के अवसर पर जिले के समस्त अटल चौक में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। अटल स्मारकों के समीप वाजपेयी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, अधिकारी–कर्मचारियों एवं आम जनों ने उनके विचारों और जीवन के प्रेरक प्रसंगों का स्मरण किया।

अम्बिकापुर के मेण्ड्राकला एवं चठिरमा में अटल चौक में स्थित अटल स्तंभ के समीप लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जिला पंचायत सी. ईओ नूतन कंवर, सहित स्थानीय जनप्रतिधियों, जिला स्तरीय अधिकारी–कर्मचारियों तथा आमजनों ने भी पुष्पांजलि अर्पित की। विधायक मिंज ने सभी को सुशासन दिवस की शुभकामनाएं देते हुए देश के विकास में उनके योगदान के बारे में बताया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से ने एक साल के कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत कर एक वर्ष में किए गए कार्यों के बारे में बताया है। शासन द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। धान का जो दो साल का बोनस बचा था उसको भी दे दिया गया, आज किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की जा रही है। महतारी वंदन योजना के तहत माताओं–बहनों के खाते में हर माह एक–एक हजार रुपए पहुंच रहा है। यह सब मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में हो रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का संदेश "विष्णु की पाती" लोगों को वितरित किया गया।

### प्रदेश में सुशासन स्थापित करने तथा नागरिकों के जीवनस्तर में सुधार लाने की ली गई संकल्प–





इस दौरान विधायक मिंज ने सभी को सत्य, निष्ठा से प्रदेश में सुशासन के उच्चतम मापदंडों को स्थापित करने और शासन को अधिक पारदर्शी सहभागी, जनकल्याण केन्द्रित तथा जवाबदेह बनाने के लिये हर संभव प्रयास करने तथा प्रदेश के नागरिकों के जीवनस्तर में सुधार लाने के लक्ष्य को पाने के लिये सदैव तत्पर रहने हेतु सभी को संकल्प दिलाया।




## सुशासन सप्ताह 2024 के अंतर्गत जनपद पंचायत अंबिकापुर में श्रम विभाग द्वारा शिविर का हुआ आयोजन 200 से अधिक का किया गया श्रम पंजीयन, मौके पर 25 हितग्राहियों के बने श्रम कार्ड




अम्बिकापुर 24 दिसम्बर 2024 केंद्र सरकार के निर्देशानुसार सुशासन सप्ताह 2024 के तहत जिले में हितग्राहियों की मांगों और समस्याओं का विशेष अभियान चलाकर निराकरण किया जा रहा है। इसके साथ ही शिविर के माध्यम से लोगों को शासकीय योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें इनका लाभ दिलाने जोड़ा जा रहा है। इसी कड़ी में गत सोमवार को जनपद पंचायत अम्बिकापुर में सुशासन सप्ताह के अंतर्गत श्रम विभाग द्वारा शि. विर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। शिविर में 200 से अधिक हितग्राहियों ने श्रम पंजीयन करवाया, जिसमें से विभाग द्वारा 25 हितग्राहियों को मौके पर ही श्रम कार्ड बनाकर वितरित किया गया। इसके साथ ही हितग्राहियों को श्रम विभाग की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना, मुख्यमंत्री नोनी सशक्तीकरण सहायता, मिनीमाता महतारी जतन योजना, मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना सहित अन्य योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा योजनाओं का लाभ लेने प्रेरित किया गया।


केंद्र सरकार के निर्देशानुसार सुशासन सप्ताह 2024 के तहत जिले में हितग्राहियों की मांगों और समस्याओं का विशेष अभियान चलाकर निराकरण किया जा रहा है। इसके साथ ही शिविर के माध्यम से लोगों को शासकीय योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें इनका लाभ दिलाने जोड़ा जा रहा है। इसी कड़ी में गत सोमवार को जनपद पंचायत अम्बिकापुर में सुशासन सप्ताह के अंतर्गत श्रम विभाग द्वारा शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। शिविर में 200 से अधिक हितग्राहियों ने श्रम पंजीयन करवाया, जिसमें से विभाग द्वारा 25 हितग्राहियों को मौके पर ही श्रम कार्ड बनाकर वितरित किया गया। इसके साथ ही हितग्राहियों को श्रम विभाग की योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री निर्माण मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना, मुख्यमंत्री नोनी सशक्तीकरण सहायता, मिनीमाता महतारी जतन योजना, मुख्यमंत्री नोनी बाबू मेधावी शिक्षा सहायता योजना सहित अन्य योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा योजनाओं का लाभ लेने प्रेरित किया गया।

## मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के प्रयास से सूरजपुर में खुलेगा केंद्रीय विद्यालय

प्रधान संपादक– मनीष वैध

**पिलखा भूमि रायपुर** महिला एवं बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री भटगांव विधायक लक्ष्मी राजवाड़े के नि. रंतर प्रयासों से सूरजपुर जिला मुख्यालय में केंद्रीय विद्यालय खोलने की मंजूरी मिली है। इससे क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य के लिए अवसर प्राप्त हा. ` ' ग ` ।

लक्ष्मी राजवाड़े ने 20 मई 2024 को तत्कालीन शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को पत्र लिखकर सूरजपुर में केंद्रीय विद्यालय और जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) खोलने की मांग की थी। उन्होंने


(लक्ष्मी राजवाड़े)



छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए इस विषय पर शीर्ष नेतृत्व के समक्ष लगातार आग्रह ि क य ा । आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति ने छत्तीसगढ़ में चार नए केंद्रीय विद्यालय खोलने की स्वीकृति दी है। इनमें सूरजपुर, मुंगेली, बेमे. तरा और जांजगीर–चांपा जिलों का समावेश है।

## लक्ष्मी राजवाड़े मंत्री छत्तीसगढ़ शासन विशिष्ट अतिथि वीडियो कॉल के माध्यम के द्वारा ग्राम पंचायत गिरजापुर में चट्टानी नाला के पुलिया निर्माण कार्य का किया गया भूमि पूजन

पिलखा भूमि

प्रधान संपादक मनीष वैद्य

**सुरजपुर** ग्राम पंचायत गिरजापुर विकासखंड ओडगी में चट्टानी नाला पर पुलिया निर्माण कार्य मनरेगा योजना अंतर्गत कार्य का भूमि पूजन माननीय लक्ष्मी राजवाड़े मंत्री छत्तीसगढ़ शासन के विशिष्ट अतिथि वीडियो कॉल के माध्यम से भूमि पूजन किया गया एवं मंडल अध्यक्ष राजेश तिवारी सरपंच उर्मिला सिंह माननीय मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर राजवाड़े की उपस्थिति में स्वीकृत राशि 32 लाख 29 हजार से निर्मित होने वाले बहू प्रतिशत मांग की स्वीकृति प्रदान होने पर सरपंच पति गैराज सिंह द्वारा राजवाड़े का आभार मंत्री लक्ष्मी व्यक्त किया गया आज के इस कार्यक्रम में ठाकुर प्रसाद राजवाड़े जी के साथ राजेश तिवारी बलराम सोनी केशव सिंह संतोष सिंह चिंतामणि राजवाड़े राजेंद्र जैसवाल उर्मिला सिंह दुर्गा गुप्ता उमेश गुर्जर आशीष प्रताप सिंह विनीत यादव जनपद सीईओ निपेंद्र सिंह एसडीओ रस मानवेंद्र सिंह एवं








## सरकार गठन के 01 वर्ष पूर्ण होने पर लगाई जाएगी दो दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी



जिला संवाददाता समृद्ध मंडल

**पिलखाभूमि बलरामपुर** 12 दिसम्बर 2024ध्कलेक्टर राजेन्द्र कुमार कटारा के मार्गदर्शन में जिला मुख्यालय बलरामपुर के चांदो चौक स्थित शहीद पार्क में सरकार गठन के 01 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिला जनसम्पर्क विभाग द्वारा 13 एवं 14 दिसम्बर 2024 को दो दिवसीय छायाचित्र प्रदर्शनी लगायी जाएगी। प्रदर्शनी में बलरामपुर– रामानुजगंज जिले में एक वर्ष में हुए विकास कार्यों एवं उपलब्धियों की जानकारी आमजनों तक पहुंचे तथा लोग शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित हों इसी उद्देश्य से छायाचित्र प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। प्रदर्शनी जनता से संवाद का एक सशक्त माध्यम है, और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में 01 वर्ष में हुए उल्लेखनीय कार्यों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन से आम नागरिकों के जीवन में आ रहे बदलाव को छायाचित्र के माध्यम से जनता के बीच पहुंचाया जाएगा।

## नव गठित नगरपंचायत शि. वनन्दनपुर के अध्यक्ष और सदस्यों को दिलाई गई शपथ








प्रधान संपादक मनीष वैध

**पिलखाभूमि सूरजपुर** दिनांक 14.12.2024 बहुलम्बित मांग और भाजपा सरकार के एक वर्ष पूर्ण करने के साथ ही सूरजपुर जिले के शिवनन्दनपुर को नगर पंचायत की मांग काफी समय से लंबित थी जिसे क्षेत्र की विधायक व कैबिनेट में मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के समक्ष मांग रखी गई थी जिसे मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने अपने अथक प्रयास से शिवनन्दनपुर को नगरपंचायत का दर्जा दिलाने के साथ आज अध्यक्ष और सदस्यों को शपथ दिलाया साथ ही क्षेत्र वासियों को आशवासन भी दिलाया कि विकास कार्यों में तेजी लाया जाएगा तथा नगर पंचायत शि. वनन्दनपुर के विकास के लिए हर सम्भव मदद किया जाएगा इस कार्यक्रम में पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा भाजपा जिलाध्यक्ष बाबुलाल अग्रवाल जी पूर्व विधायक भटगांव रजनी त्रिपाठी वरिष्ट भजपा नेता चरण सिंह अग्रवाल जी बनारसी जायसवाल जी राजेश यादव ललित गोयल अशोक अग्रवाल रितेश जायसवाल जी मनमत बछाड भोला सिंह देव धन बिंझिया सहित मनोनीत अध्यक्ष व सभी सदस्य तथा स्थानीय नागरिक उपस्थित रह

## मुख्यमंत्री साय के सुशासन में राज्य के दिव्यांगजनों के हित, संरक्षण के लिए विभिन्न योजनाएं हो रही संचालितः मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े

### समाज कल्याण विभाग ने प्रतिभावान दिव्यांगजन सम्मान समारोह का किया आयोजन

प्रधान संपादक मनीष वैध

**पिलखाभूमि रायपुर**, 17 दि. सम्बर 2024 मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में राज्य में दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण, पुनर्वास एवं उनके हित के संरक्षण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने आज राजधानी रायपुर के शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मठपुरैना में सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित प्रतिभावान दिव्यांगजन सम्मान समारोह समारोह को सम्बोधित करते हुए यह बात कहीं।

मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों के कल्याण तथा हित में बेहतर कार्य कर रही है हम आगे भी आपके हितों के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे। हमारी सरकार लगातार आप सभी के लिए विकास कार्यों के माध्यम से सेवा कर रही है। हमारी सरकार को एक वर्ष पूर्ण हुआ है और हमने सभी लंबित कार्यों को स्वीकृति प्रदान कर आगे बढ़ाया है।

दिव्यांग बच्चों द्वारा प्रस्तुत गीत सुनकर उन्होंने कहा कि कहा कि में गीत सुनकर अभिभूत हूं। आगे








उन्होंने कहा कि दिव्यांग जनों को समाज के लोगों का भरपूर प्यार और प्रोत्साहन मिलना चाहिए। दिव्यांगजन आज देश–प्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं।

इस अवसर पर दिव्यांग बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर मूकबधिर विद्यार्थियों ने मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े को अपनी ओर से पेंटिंग भेंट की। कार्यक्रम में राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर ख्याति प्राप्त दिव्यांगजन को सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन वित्त विकास निगम द्वारा देवपुरी निवासी दिव्यांग चंदन गिलहरे एवं ग्राम भैंसा निवासी दिव्यांग बाल दास मानिकपुरी को ई–रिक्शा प्रदान किया गया।

इस अवसर पर उप संचालक सर्वश्री आर.एन बोस, उप संच. ालक भूपेंद्र पांडेय, उप संचालक (वित्त) किरन खरे, प्राचार्य अमित त्रिवेदी, अधीक्षिका सीता सहित अन्य अधिकारी– कर्मचारी एवं विद्यार्थी मौजूद रहें।

## छत्तीसगढ़ सरकार के केबिनेट मन्त्री लक्ष्मी राजवाड़े के अध्यक्षता में माँ बागेश्वरी न्यास ट्रस्ट कुदरगढ़ का चुनाव सम्पन्न

पिलखाभूमि / प्रधान संपादक मनीष वैध

सुरजपुर दिनांक 23 दिसंबर 2024 को छत्तीसगढ़ सरकार के कें. बनेट मन्त्री लक्ष्मी राजवाड़े के अध्यक्षता में माँ बागेश्वरी कुदरगढ़ न्यास ट्रस्ट के अध्यक्ष का चयन किया गया जिसमे सर्व सम्मति से राम सेवक पैकरा पूर्व गृह मंत्री को अध्यक्ष निर्वाचित किया गया,कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंत्री महोदया ने कहा कि नवनियुक्त अध्यक्ष एवम मेरे द्वारा कुदरगढ़ धाम का सर्वांगीण विकास होगा, जिसके लिए में प्रतिबद्ध हु, जिला कलेक्टर द्वारा माननिय मंत्री महोदया,ट्रस्ट के अध्यक्ष एवम समस्त उपस्थित गण मान्य जनों का आभार व्यक्त किया गया! कार्यक्रम में मुख्यरूप से प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मराबी जिला कलेक्टर एस जयवर्धने भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल ठाकुर प्रसाद राजवाड़े न्यास ट्रस्ट के सभी सदस्य मंडल अध्यक्ष एसडीएम जनपद सीईओ तहसीलदार व आस पास के ग्रामीण भारी संख्या में उपस्थित रहे



## भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी का जन्मदिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया

पिलखाभूमि / प्रधान संपादक मनीष वैध

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्मदिन के अवसर पे कैबिनेट मंत्री व भटगांव विधायक लक्ष्मी राजवाड़े के अतिथ्य मे ग्राम पंचायत वीरपुर अटल चौक पर उत्साह पूर्वक सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया, इस शुभ अवसर पर उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए मंत्री ने वाजपेयी जी के कार्यो व जीवनी पे प्रकाश डालते कहा हमे वाजपेयी जी के आदर्शों पर चलने की आवश्यकता है उन्होंने देश के लिए बहुत कुछ दिया है ! पोखरण में परमाणु परीक्षण कर पूरी दुनिया को अपनी ताकत दिखाया !

साथ ही इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सौंदर्यीकरण के लिये 10 लाख देने की घोषणा किये तथा ही पात्र हितग्राहियों को राशन कार्ड अपने हाथों से वितरित किये इस अवसर पर मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर राजवाड़े सरपंच चंद्रभान सिंह राम भरोस चेतन राम मंडल कलावती सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे





## अटल परिसर भूमि पूजन समारोह में शामिल हुई केबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े



भारत रत्न श्रधेय अटल बिहारी वाजपेयी जन्मशताब्दी वर्ष के तहत नगर पालिका सूरजपुर द्वारा आयोजित अटल परिसर भूमि पूजन समारोह में शामिल हुई कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी रा. जवाड़े

इस अवसर पर उन्होंने श्रधेय अटल विहारी बाजपेयी जी के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर तथा द्वीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया !

उपस्थित जन समुदाय को सम्बोधित करते हुए विष्णु देव साय के सुशासन का महत्वपूर्ण उपलब्धियों को गिनाया तथा महतारी वंदन योजना से महिला सशक्त हुई है उनका मान सम्मान बढ़ा है तथा उनका आत्मनिर्भरता बढ़ी है ऐसा कहा !

इस अवसर स्वच्छता दीदियों को उपस्थित अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया!

समारोह को प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह मरावी जी कले. क्टर एस जयवर्धने भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल जी ने भी सम्बोधित किया !

इस अवसर पर मुख्यरूप से थलेश्वर शाह रामकृपाल शाहू रितेश गुप्ता जनपद अध्यक्ष पुष्पा सिंह शांति सिंह कौशल सिंह राजेश महलवाल शशिकांत गर्ग किरण खेश एसडीएम शिवांनी जायसवाल तहसीलदार सहित अपार जनसमुदाय उप. स्थित रहा

कार्यक्रम का सचांलन सीमांचल त्रिपाठी ने किया

## कलेक्टर विलास भोसकर की अध्यक्षता में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक सम्पन्न

### आगामी 28 दिसंबर को होने वाले पंचायत निर्वाचन के तहत आरक्षण की कार्यवाही सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने दिए गए निर्देश

**अम्बिकापुर** 24 दिसम्बर 2024 कलेक्टर विलास भोसकर की अध्यक्षता में आयोजित समय सीमा की बैठक में मंगलवार को खरीफ विपणन वर्ष 2024–25 हेतु जारी धान खरीदी की समीक्षा की गई। बैठक में उन्होंने धान खरीदी में प्रगति, खरीदी केंद्रों में किसानों हेतु समुचित व्यवस्था। इसके साथ ही टीओ जारी होने और केन्द्रों में धान उठाव की जानकारी ली गई। उन्होंने नोडल अधिकारियों को खरीदी केन्द्रों के निरीक्षण के द्वारा निगरानी हेतु निर्देशित किया। उन्होंने अवैध धान, परिवहन, भण्डारण पर सतत निगरानी रखने तथा आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर भोसकर ने 25 दिसंबर सुशासन दिवस के अवसर पर प्रत्येक अटल चौक पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों के सम्बन्ध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सभी अटल चौक में मरम्मत व रंगरोगन के कार्य पूर्ति की जांच कर ली जाए। इस दौरान बताया गया कि 27 दिसम्बर को सम्पत्ति कार्ड वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा वर्चुअल रूप से जुड़कर हितग्राहियों को सम्पत्ति कार्ड वितरित किए जाने है। जिस हेतु अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने समस्त तैयारियों को समय सीमा में पूर्ण कर आवश्यक कार्यवाही हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। आगामी 28 दिसंबर को पंचायत निर्वाचन के तहत विभिन्न पदों हेतु आरक्षण के लिये कार्यवाही की जानी है। कलेक्टर भोसकर ने उक्त कार्य को सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने अधिकारियों को निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर भोसकर द्वारा समयसीमा में लंबित आवेदनों की समीक्षा की गई। इसके साथ ही 0–6 वर्ष तक के बच्चों के आधार कार्ड निर्माण, आयुष्मान कार्ड निर्माण में प्रगति, मिड डे मिल, आश्रम–छात्रावासों में व्यवस्था सहित अन्य कार्यों की समीक्षा करते हुए जरूरी दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत नूतन कंवर, अपर कलेक्टर सुनील नायक, अपर कलेक्टर राम सिंह ठाकुर, नगर निगम आयुक्त डीएन कश्यप सहित समस्त एसडीएम, सीईओ जनपद पंचायत एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।


स्वामी, प्रकाशक मनीष वैद्य द्वारा मुद्रक रूपेश दुबे आर्यन ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस पावर हाउस रोड नमना कला अंबिकापुर, जिला सरगुजा छ, ग से मुद्रित करा कर एम,जी रोड संजयनगर (अजबनगर) जिला सूरजपुर छ, ग से प्रकाशित। संपादक – मनीष वैद्य मो0 नं0 – 9165046978